# दुनिया में एक स्वर्ग है जिसको कहते खाटूधाम भजन लिरिक्स

दुनिया में एक स्वर्ग है,
जिसको कहते खाटूधाम,
सबकी सुनता है वहां पे,
बैठ के बाबा श्याम।bd।

तर्ज – मैं ना भूलूंगा।

---

वहां की माटी से,
महकता हैं चन्दन,
लगालो माथे से,
प्रभु को करके नमन,
श्रद्धा और विश्वास से लेता,
जो बाबा का नाम,
सबकी सुनता है वहां पे,
बैठ के बाबा श्याम।bd।

---

हार कर दुनिया से,
जो वहां जाता है,
पिता बनकर बाबा,
गले से लगाता है,
अपने बच्चों को गिरने से,
पहले लेता थाम,
सबकी सुनता है वहां पे,
बैठ के बाबा श्याम।bd।

---

अदालत दुखियों की,
वहां पर लगती है,
भाव के दो आंसू,
फीस यहाँ लगती है,
ना अगली तारीख है मिलती,
होता झटपट काम,
सबकी सुनता है वहां पे,
बैठ के बाबा श्याम।bd।

---

जब कहीं दुनिया में,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरी सुनवाई ना हो,
सुना देना हो इनको,
जो तू कठिनाई में हो,
‘निर्मल’ वापस जाने से,
पहले ही करदे काम,
सबकी सुनता है वहां पे,
बैठ के बाबा श्याम।bd।

---

दुनिया में एक स्वर्ग है,
जिसको कहते खाटूधाम,
सबकी सुनता है वहां पे,
बैठ के बाबा श्याम।bd।

**– Singer / Lyrics Upload By –**
**Vishal Goel – 9811687560**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com